# कैरियर स्कूल में मनाया गया वार्षिकोत्सव








**न्यायसाक्षी /रायगढ़।**

शहर के स्टेडियम के पीछे स्थित कैरियर स्कूल में सांस्कृतिक कार्यक्रम रंगारंग तरीके से सम्पन्न हुआ। स्कूल की प्राचार्या सुश्री सी.बी.वर्मा ने दीपप्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। विद्यार्थियों द्वारा गणेश वंदना, छत्तीसगढी, उड़िया, पंजाबी, मराठी एवं मॉडर्न ग्रुप डांस, सोलो डांस का अलग-अलग तरीके से एवं वेषभूषा के साथ प्रस्तुत किया गया। इसके साथ फेंसी ड्रेस, ड्रामा, गायन, वादन जैसे कार्यक्रम हुए जिनमें सभी बच्चों ने हिस्सेदारी की, असंख्य जनमानस इस कार्यक्रम में उपस्थित थें, सभी ने इस कार्यक्रम की भूरी-भूरी प्रशंसा की।

# बरमकेला पुलिस मित्रता क्रिकेट प्रतियोगिता संपन्न

**न्यायसाक्षी/रायगढ़।** पुलिस अधीक्षक बी.एन. मीणा के मार्गदर्शन में सामुदायिक पोलिसिंग के अंतर्गत पुलिस मित्रता क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन हुआ।

उक्त प्रतियोगिता का आयोजन 15 दिसंबर 2016 को बरमकेला के स्थानीय स्टेडियम में आरंभ किया गया था। प्रतियोगिता में आसपास के कुल 32 टीमों ने भाग लिया था।

उक्त प्रतियोगिता के फाइनल मैच में पुलिस इलेवन बरमकेला विजेता रही। वहीं यंग स्टार बरमकेला उपविजेता रही। समापन कार्यक्रम में रायगढ़ पुलिस अधीक्षक बी.एन. मीणा, एएसपी श्री चौहान, एसडीओपी सारंगढ़ एवं बरमकेला नगर पंचायत अध्यक्ष ने सभी प्रतियोगियों को इनाम के रूप में शील्ड व इनाम की राशि जो विजेता को 10000 रूपये तथा उपविजेता को 5000 रूपये नगद दिया गया। पुलिस अधीक्षक ने अपने आशीर्वचन में उपस्थित लोगों और प्रतिभागियों को खेल के साथ-साथ सभी लोगों को अपने भाविष्य को उज्जल बनाने व कैरियर संबंधी कोई भी परेशानी आने पर उनसे सीधे मार्गदर्शन हेतु सम्पर्क करने के लिए भी आव्हान किया।

बरमकेला थाना प्रभारी द्वारा किये गये इस पुलिस मित्रता क्रिकेट प्रतियोगिता के आयोजन को आसपास के लोगों ने खूब सराहा। इसी के साथ हमर गांव हमर पुलिस के तहत वन ग्राम डोंगीपानी में आयोजन रखा गया था जिसमें लोगों को चिटफण्ड कम्पनियों से सावधान रहने व गलत फोन कॉलिंग और धोखाधड़ी से बचने के उपाय के साथ अन्य छोटे-छोटे धाराओं के बारे में भी जानकरी दी गई। वहीं उप निरीक्षक फर्णीनन्द कुजूर भी अपने कार्यों और सामाजिक क्रियाकलापों में अपनी सहयोगिता व योगदान के लिए काफी चर्चा में हैं। लोगों का कहना है कि जब से उपनिरीक्षक फणीन्द्र कुजूर पदस्थ हुये हैं तब से कई प्रकार के सामाजिक एवं खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन हुआ है। इससे आम जनता और पुलिस के बीच की खाई कम हुई है। श्री कुजूर द्वारा कराये जाने वाले आयोजनों व उनकी कार्य क्षमता की बात करें तो लोगों में उनके प्रति साधुवाद की भावना देखने को मिलेगी। इसी प्रकार उपनिरीक्षक होने के नाते वह लोगों को सही मार्ग पर चलने व अपराध से बचने की बात कहते हैं। लोगों के प्रति उनका यह व्यवहार व अपने कार्य के प्रति हमेशा सजग रहने वाले श्री कुजूर आज बरमकेला क्षेत्रवासियों के लिए एक मिशाल बन चुके हैं।

## गणतंत्र दिवस के परेड में शामिल होंगे वनरक्षक

**रायगढ़।** जिले के इतिहास में पहली बार वन रक्षक भी गणतंत्र दिवस के परेड में शामिल होंगे। वन विभाग की माने तो 5 महिला वनरक्षक सहित 30 लोगों की टीम पर मुहर लगी है। गणतंत्र दिवस में पहली बार परेड का हिस्सा बनने जा रहे वनरक्षकों ने तैयारी भी शुरू कर दी है। वन विभाग के लिए वर्ष 2017 का गणतंत्र दिवस खास होगा। क्योंकि पहली बार विभाग के जवान, जिला स्तरीय इस समारोह में परेड का हिस्सा बनने जा रहे है। जिसकी औपचारिकता मंगलवार को पूरी हो गई। मिली जानकारी के अनुसार गणतंत्र दिवस के परेड में वनरक्षकों को शामिल करने को लेकर एसपी आफिस से एक पत्र, रायगढ़ वन मंडल भेजा गया है। जिसपर विभागीय मंथन के बाद 30 वनरक्षकों (जिसमें 5 महिला वन रक्षक भी है) के नाम पर मुहर लगी है। जिले के इतिहास में यह पहला मौका है जब जिले के परेड में वन विभाग की टीम को स्थान मिलेगा।

# जमीन पर दूसरे का नाम त्रुटिवश अंकित होने के कारण परेशानी हुई - रोशन

## सामाजिक न्याय संघ के कार्यो की सर्वत्र प्रशंसा

**न्यायसाक्षी/रायगढ़।** शासन से मान्यता प्राप्त संस्था सामाजिक न्याय संघ के समक्ष प्रस्तुत होकर दिए अपने लिखित आवेदन में रोशन दास महंत आ. गरीबदास ग्राम कटेकोनी छोटे, जाति पनिका, थाना व तहसील डभरा, जिला जॉजगीर चाम्पा छ.ग. बताया कि मेरी पुश्तैनी जमीन का हक कब्जा एवं स्वत्व पर मोहनलाल चंद्रा आ. साखीराम चंद्रा निवासी ग्राम कटेकोनी छोटे, थाना तहसील डभरा जिला जांजगीर चाम्पा छ.ग. के नाम पर असावधानीवश एवं त्रुटिवश अंकित होने से उसे बेहद परेशानी हो रही है।

अपने आवेदन में पीड़ित ने कहा कि मेरे पिता स्व. गरीबदास आ. दुकालु जी ने दिनॉक 16/02/1956 को खसरा नं. 752 का टुकड़ा जो कि कुल 9.00 डिसमिल था को सुन्दर साय आ. मन्साराम से खरीदा था। जिसके दस्तावेज हमारे पास मूल में उपलब्ध हैं। उक्त भूमि पर हमारा परिवार, मेरे पिता के समय से, निवास करते चला आ रहा है, जो प्रमाणित एवं सत्य है, जिसके लिए आप यदि चाहे तो ग्राम में इसकी तहकीकात् करा सकते हैं। विदित हो कि इस सम्बंध में एक लिखित दस्तावेज ''कब्जा प्रमाण-पत्र (पंचनामा)'' भी ग्राम के निवासियों के द्वारा दिनांक 17/10/2014 को जारी किया गया है।

अपने आवेदन में पीड़ित ने कहा कि मेरे पिता अथवा मेरे स्वयं के द्वारा उक्त सम्बंध में कोई विवाद नहीं मानते हुए उक्त भूमि से सम्बंधित नामांतरण अथवा नक्शा-टुकड़े को अलग करने सम्बंधी कार्य अथवा स्वयं का नाम शासकीय रिकार्ड में नही चड़वाया था। हम गरीब लोग है, किसी प्रकार गुजर-बसर करते हुए जीवन-यापन करते रहे। विदित हो कि हमारे परिवार एवं उक्त विक्रेता के



परिवार में कोई विवाद कभी-भी नहीं था, और ना ही आज पर्यंत तक भी कोई विवाद नहीं है, जिसके कारण भी मेरे पिता एवं उनके बाद मैं एवं मेरा परिवार भी इस सम्बंध में यही जानकारी रखता था, कि उक्त भूमि हमारी है।

अपने आवेदन में पीड़ित ने कहा कि सुन्दरसाय जी के देहावसान के बाद उनकी पुत्री कनकी बाई ने, उक्त जमीन के बचे भाग, जो कि 5 डिसमिल होती है, को मोहनलाल चंद्रा आ. साखीराम चंद्रा एवं ना. मिथलेश कुमार आ. बेदराम दोनों निवासी कटेकोनी छोटे थाना तहसील डभरा जिला जॉजगीर, को, दिनॉक 22/03/1997 को बेच दिया। विदित है कि, मेरे पिता के द्वारा अथवा मेरे स्वयं के द्वारा पूर्व में नामांतरण की प्रक्रिया को नहीं अपनाए जाने के कारण, एवं रिकार्ड में दुरुस्ती नहीं होने के कारण पूरे भाग की रजिस्ट्री, जो कि 9. 5 त्र 14 डिसमिल होती है, उक्त मोहनलाल चंद्रा आ. साखीराम चंद्रा एवं ना. मिथलेश कुमार आ. बेदराम दोनों निवासी कटेकोनी छोटे थाना तहसील डभरा जिला जांजगीर के नाम से हो गई है, जो कि न्यायोचित नहीं है।

अब उक्त मोहनलाल आ. साखीराम चंद्रा मुझे एवं परिवार को जमीन छोड़ देने के लिए दवाब बना रहा है, हम गरीब लोग हैं, हमारे पास इतना पैसा भी नहीं है कि हम उक्त प्रकरण हेतु अधिवक्ता नियुक्त कर केस को लड़ सके। साथ ही मुझे एवं मेरे परिवार को इस सम्बंध में कोई जानकारी भी नहीं मिल सकी जो कि हम आपत्ति लगा सके। अतः मेरे द्वारा न्याय हेतु एक आवेदन सामाजिक न्याय संघ में प्रस्तुत किया गया।

हमारा आपसे निवेदन है कि मैं एक पीड़ित हूॅ, और मैं बहुत परेशान हूं,, मैं यह आवेदन मय दस्तावेज आपके समक्ष प्रस्तुत कर रहा हूं। इस पर तत्काल प्रभाव से कार्यवाही कराया जाकर न्याय दिलाए जाने की कृपा की जावे।

जिसपर कार्यवाही करते हुए सामाजिक न्याय संघ ने राज्यपाल महोदय, छ.ग., मुख्यमंत्री छ.ग., डायरेक्टर जनरल ऑफ पुलिस छ.ग., पुलिस महानिरीक्षक छ.ग., कलेक्टर जांजगीर चाम्पा, पुलिस अधीक्षक, रजिस्ट्रार डभरा जांजगीर चाम्पा, एस.डी.एम. जांजगीर चाम्पा, तहसीलदार महोदय, डभरा वि.ख., आर.आई. डभरा, पटवारी, पटवारी हल्का नं. 14 डभरा को आवेदन जारी किया जिसपर संज्ञान लेते हुए प्रकरण पंजीबद्ध किया गया, कार्यवाही जारी है, जो कि पीड़ित परिवार हेतु बेहद हर्ष का विषय है। इस कार्य हेतु भी सामाजिक न्याय संघ की प्रशंसा हो रही है।

# लायनेस क्लब ने चलाया जागरुकता अभियान बेटी बचाओ बेटी पढाओ?

**न्यायसाक्षी/रायगढ़**

लॉयनेस माइक्रो केबिनेट सदस्य लॉयनेस अनीता कपूर के डिस्ट्रिक्ट प्रोजेक्ट बेटी पढाओ बेटी बचाओ, बालिका शिक्षा व बालअधिकार' पर एक जागरूकता अभियान 07 जनवरी को घरघोड़ा मे लॉयनेस क्लब घरघोड़ा द्वारा आयोजित किया गया। जिसमे मुख्य अतिथि बाल अधिकार संरक्षण आयोग की अध्यक्षा शताब्दी सुबोध पांडे जी थी.विशिष्ट अतिथि अनीता अग्रवाल थी.

कार्यक्रम की मार्गदिर्शका जस्सी फिलिप्स थी. घरघोड़ा के समाजसेवी महेंद्र चौधरी की अध्यक्षता में कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्जवलित करके हुई तत्पश्चात स्वागत नृत्य प्रस्तुत किया गया लायनेस अनीता कपूर द्वारा जानकारी दी गई कि लायंस क्लब इन्टरनेशनल क्लब है और शताब्दी वर्ष मे डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन अमरजीत सिंह दत्ता जी एवं डिस्ट्रिक्ट प्रेसिडेंट लायनेस शबाना नाज जी एवं एरिया ऑफिसर लॉ सरिता रतेरिया जी के मार्गदर्शन मे यह प्रोजेक्ट किया गया लायन जगतरामका ने अपने उद्बोधन मे बालिका शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला मुख्य अतिथि जी ने कार्यक्रम की बहुत प्रशंसा की उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम एक समाजसेवी संस्था द्वारा किया गया है इससे जनमानस में जागरूकता आएगी शासन तो प्रयास करता ही है पर जब समाज के लोग शामिल होते है तो प्रयास अधिक सफल होता है। पुरे कार्यक्रम का आकर्षण मंच संचालन था जो कि एक नन्ही बेटी घरघोड़ा लॉयनेस क्लब की सचिव लॉयनेस अंकिता चौधरी द्वारा किया गया लॉयनेस क्लब घरघोड़ा की सभी सदस्याओं ने भागीदारी दी एवं सहयोग किया कार्यक्रम को सफल बनाने मे रायगढ़ क्लब की चार्टर प्रेसिडेंट लायनेस प्रोफेसर सी बी वर्मा प्रेसिडेंट, लॉ काकोली पटनायक, लॉ विपुला पाण्डे, लॉ अंशुल अग्रवाल, लॉ शारदा अग्रवाल लॉ, प्रिन्सेस विजयश्री, लॉ हेमा शाह, लॉ ऊषा अग्रवाल, लॉ अरुणा शमा, लॉ शकुन्तला बिंजराजका, लॉ सुशीला जगतरामका, लॉ भारती पांडे, लॉ अर्चना मिश्रा लॉ, अंजू बंसल, लॉ सीमा गुप्ता , लॉ मीना अग्रवाल, लॉ अल्का जैन एवं अन्य सदस्याओं व रूरल क्लब की प्रेसिडेंट लॉ बीना चौहथा ने सहयोग किया विभिन्न स्कूलों के शिक्षक विद्यार्थी एवं गणमान्य नागरिकों ने हिस्सा लिया।






# तकनीकी सहायक पद के लिए दावा-आपत्ति 20 जनवरी

**न्यायसाक्षी।** रायगढ़ महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना अंतर्गत जनपद स्तर पर तकनीकी सहायक के 7 पद संविदा नियुक्ति हेतु आवेदन आमंत्रित किए गए थे। प्राप्त आवेदनों का जांच समिति द्वारा परीक्षण उपरांत पात्र-अपात्र की सूची जिला पंचायत रायगढ़ के सूचना पटल पर एवं जिले के वेबसाईट डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू डाट रायगढ जीओभीडाटएन में अपलोड की गई है। उक्त सूची के संबंध में किसी भी अभ्यर्थी को कोई आपत्ति हो तो वे 20 जनवरी शाम 5.30 बजे जिला पंचायत रायगढ़ कार्यालय में दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। स्त्र

# जिला किसान कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्षों व जिला कार्यकारिणी की सूची जारी

जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सुरेन्द्र सिदार ने रायगढ़ जिला किसान कांग्रेस कमेटी के अध्यक्षों व जिला कार्यकारिणी सदस्यों की सूची जारी की है जिसमें क्रमशः पुसौर, बरमकेला, सारंगढ़, खरसिया, घरघोड़ा, धरमजयगढ़, लैलूंगा, तमनार व रायगढ़ क्षेत्र शामिल है। जिसमें जिला किसान कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्षों की सूची में रामगोपाल पटेल- पुसौर, किशोर पटेल- बरमकेला, प्रमोद मिश्रा- सारंगढ़, भूपेन्द्र वर्मा- खरसिया, प्रमोद ठाकुर- घरघोड़ा, राजकुमार राठिया- धरमजयगढ़, रसिको प्रधान- लैलूंगा, मानसिंग नायक- तमनार व रायगढ़ से राजेश कुमार नायक को शामिल किया गया है। वहीं जिला किसान कांग्रेस की जिला कार्यकारिणी सदस्यों में अध्यक्ष सुरेन्द्र सिदार, उपाध्यक्ष- प्रेम साहू, कैलाश मिश्रा, रमेश भगत, रेशम गभेल का नाम है।

महामंत्री की सूची में नंदलाल प्रधान, निलाम्बर नायक, घुरऊराम सारथी, मनोज कास्यकार, सुरेश गुप्ता का नाम है। सचिव पद पर भूपदेव पैंकरा, रामकुमार देवांगन, निशामणी बेहरा, मैत्री कनेर चौहान, कुंजबिहारी गुप्ता, बाबूलाल यादव, राधेश्याम चन्द्रा, दीनबन्धु पटेल, शिव साहू, रमेश बघेल व सुरेन्द्र डनसेना शामिल हैं।

प्रवक्ता सूची में नमोनारायण पटेल का ना दर्ज है तो वहीं कार्यकारिणी सदस्यों में करूपति प्रधान, प्रफुल्ल गुप्ता, गंगानारायण, विष्णु चन्द्रा, धनुर्जय पटेल, गोपाल साहू, संदीप प्रधान, निराकार पटेल, बंशी पटेल, गिरीजा पटेल, चन्द्रशेखर चौधरी, रूपेश सिंह, कन्हैया वर्मा, मानस प्रधान, लक्ष्मण भोय, कामता प्रसाद, रामदयाल पटेल और बृजकुमार मेहता का नाम है। विशेष आमंत्रित सदस्यों में उमेश नंदकुमार पटेल, लालजीत राठिया, शक्राजीत नायक, चनेसराम राठिया, लक्ष्मी प्रसाद पटेल, बालकराम पटेल, जगदीश मेहर, झाडूराम गभेल, रामलाल पटेल, मुकुंदमुरारी पटनायक व सियाराम नायक उपस्थित रहे।